***प्रगति संस्थान बारां***

# प्रगति रिपोर्ट – २०२०

1. इन्दिरा रसोई योजना :– राजस्थान सरकार द्वारा 20 अगस्त 2020 में नगरीय क्षेत्र में गरीब को भरपेट भोजन मिले इसके लिए इन्दिरा रसोई योजना का शुभारम्भ किया गया संस्था नगर परिषद क्षेत्र बारां व नगर पालिका क्षेत्र अटरू जिला बारां में इस योजना पर कार्य कर रही है । जिसमें प्रतिदिन एक रसोई में 150 व्यक्ति भोजन ग्रहण करते हैं और सुबह–शाम लगभग 300 व्यक्ति ।




2. जननी सुरक्षा योजना अन्तर्गत संस्था द्वारा गठित जाग्रति स्वयं सहायता समूह बारां द्वारा प्रसूति महिलाओ के लिए राजकीय चिकित्सालय बारां में दूध , दलिया, फल व अल्पाहार की व्यवस्था प्रतिदिन कि जा रही है जिसकी पूर्ण रूपेण देख रेख संस्था द्वारा की जाती है ।

3. सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के सहयोग से संचालित  नवजीवन योजना अन्तर्गत घुम्कड जातियो ढोली,डोम, सांसी, कंजर ,मोग्या आदि जातियो का घर घर जाकर चिन्हीकरण सर्वे किया गया । सर्वे के दौरान इच्छुक व्यकितयो का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाकर स्वरोजगार से जोडने का कार्य किया गया ।




| ब्लॉक | गांव की संख्या | लाभार्थी संख्या (लगभग) |
|---|---|---|
| बारां | 20 | 800 |
| अन्ता / मांगरोल | 25 | 1200 |

4. मुख्य स्वास्थय विभाग के सहयोग परिवार जनकल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्था द्वारा नुक्क्ड नाटक द्वारा परिवार कल्याण कार्यक्रम की जानकारी दिलाई तथा गांव गांव जाकर जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया ।




5. प्रगति संस्थान बारां द्वारा वैश्विक महामारी कोविड 19 में लोक डाउन के समय संस्था कार्मिको द्वारा सम्पूर्ण बारां जिले में रथ द्वारा भ्रमण किया गया घर घर जाकर मास्क व सेनेटाइजर वितरण कार्यक्रम चलाया गया ।




6. महिला बाल विकास विभाग व संस्था द्वारा बालिका सप्ताह में बेटी बचाऔ बेटी पढाओ अभियान चलाया गया जिसमें बालिका शिक्षा , कन्या भ्रुणहत्या बाल–विवाह आदि के सम्बन्ध में जन जागरण कार्यक्रम चलाया गया ।

| ब्लॉक | गांव की संख्या | लाभार्थी संख्या (लगभग) |
|---|---|---|
| बारां | 18 | 1500 |



7. डेकेयर सेन्टर पर वृद्धजनो को समय समय पर इनकी आवश्यकता जरूरतो को देखते हुऐ इनके काम आने वाली सामग्री जैसे – कम्बल,टोपे,मोजे,स्वेटर जूते आदि संस्था व भामाशाहो द्वारा 25 वृद्धजनो को वितरण किये गये



8. बारां बाल श्रमिक परियोजना बारां में आर्थिक सहयोग से संस्था द्वारा मांगरोल कस्बे की सहरिया बस्ती में 6 से 9 वर्ष तक के बाल श्रमिक बच्चो को चिन्हीकरण कर 25 बच्चो को दिनांक नवम्बर 2019 से मार्च 2020 तक कक्षा 3 से 5 तक का अध्ययन कराया गया और राजकीय विद्यालय मे जोडा गया ।



9. नेहरू युवा केन्द्र बारां के सहयोग से पंचायत समिति बारां ग्राम फतेहपुर में संस्था द्वारा ग्रामीण क्षैत्र की 30 महिलाओ को स्वरोजगार से जोडने के लिए ब्युटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया गया जिसमें 30 सम्भागीयो ने भाग लिया इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र मे निवास करने वाली महिलाओ को प्रशिक्षण देकर उनको स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है।



10. संस्था द्वारा समय–समय पर नशामुक्ति कार्यक्रमो संचालन विभिन्न विभागो के सहयोग के माध्यम से 26 जून 2014 को चलाया गया वर्तमान समय में नशा एक ऐसी बिमारी है जिसमें धीरे धीरे समाज व समुदायो में गहरी जड स्थापित कर ली है। वर्तमान समय मे युवा पीढी इसकी आदि होती जा रही है जो देश के भविष्य के लिए खतरे का संकेत है। नशे के कारण परिवारो की आर्थिक व सामाजिक स्थिति कमजोर होती जा रही है वर्तमान समय में युवा वर्ग अनेक प्रकार के नशे कोकिन , हिरोइन, गांजा, शराब, तम्बाकू केटमाइन, मेथ जैसे नशे के आदि होते जा रहे है । इस प्रकार के नशे हमारे देश तस्करी के माध्यम से उपलब्ध हो जाते है जो भविष्य में देश के बडा खतरा पैदा हो सकता है।







11. नेहरू युवा केन्द्र व प्रगति संस्थान के माध्यम से मार्च 2014 में बारां जिले में युवा शक्ति को अग्रसर करने के लिए हर वर्ष एक जिला युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। जिसमें वर्तमान में भटक रही युवा पीढी को मार्गदशन व अच्छे कार्य करने के लिए जिला युवा पुरूस्कार से

सम्मानित किया जाता है । संस्था द्वारा समय समय पर ब्लॉक स्तर पर भी युवाओ के कार्यक्रम का आयोजन करती रही है जिससे युवाओ को मार्गदर्शन मिलता रहे।

12. संस्था द्वारा जनवरी 2021 को ग्रामीण क्षेत्रो में छिपी हुई प्रतिभाओ को आगे लाने के लिए जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से आयोजित करती है इसमें बारां जिले के ग्रामीण क्षेत्र की 70 कलाकारो ने अपने अपने हुनर का प्रदर्शन करने का अवसर दिया जाता है । इसके माध्यम से युवावर्ग राज्य व राष्ट्रीय स्तर अपने प्रतिभाओ का प्रदर्शन करती है।



13. संस्था द्वारा सर्वे शिक्षा अभियान के द्वारा जिले के किशनगंज ब्लॉक के 154 विद्यालयो की SMC कमेटियो का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया जिसमे SMC कमेठी के अधिकारो व कार्यो की जानकारी दी गई कि इन कमेठीयो में सरकारी विद्यालयो में पढने वाले छात्रो के अभिभावको को जानकारी दी गई।



14.जिला परिषद के सहयोग से 15 नवम्बर 2022 को संस्था द्वारा मुख्यमंत्री जल




स्वावलम्बन रथ यात्रा पूरे बारो जिले में निकाली गई इसमे गांव गांव जाकर ग्रामिणो को जल संरक्षण की जानकारी दी गई । बारां जिले के लगभग 100 ग्राम पंचायतो मे जाकर पानी बचाओ पर प्रचार प्रसार किया लोगो में समझाईश कि गई ।

| ब्लॉक | गांव की संख्या | लाभार्थी संख्या (लगभग) |
|---|---|---|
| बारां | 12 | 600 |
| किशनगंज | 13 | 725 |
| शाहबाद | 11 | 700 |
| अटरू | 10 | 650 |
| अन्ता | 12 | 675 |
| छबडा /छिपाबडौद | 15 | 750 |
| | | |

15.महिला आयोग नई दिल्ली के सहयोग से अप्रैल 2014 को बारां जिले के ब्लॉक




अन्ता मे 100 ब्लॉक बारां में 100 महिलाओ के लिए संस्था द्वारा महिला विधिक जागरूकता कार्याशाला का आयोजन किया गया विधिक कार्याशाला में

महिलाओ पर हो रहे अत्याचार ,उत्पीडन , बाल विवाह कन्या भ्रुणहत्या आदि पर कानूनी जानकारी दी गई तथा अपने अधिकारो के बारे बताया गया । जीवन में सरकार द्वारा प्रदत्त कानूनी शक्तिया व अधिकारो का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया ।

16. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित नवजीवन योजना अन्तर्गत बारां जिले के ब्लॉक अन्ता व ब्लॉक बारां में अवैध शराब के व्यवसाय में लिप्त व्यक्तियो व समुदायो के क्षेत्र , जनसंख्या के आधार पर चिन्हीकरण करना जो कि इन में निम्न जातिया कंजर , सांसी, भाट, नट, राणा, डोम, डोली, मोग्या, बाबरिया सिरकीबाल , चौबदार समुदायो के व्यक्तियो की संस्था द्वारा प्रचार–प्रसार , नुक्कड नाटक , कठपुतली के माध्यम से इनको प्रेरित कर समाज की मुख्य धारा से जोडने का प्रयास किया गया ।






धन्यवाद